# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-29.10.2022

# थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तगण विरेन्द्र यादव व सुशीला देवी गिरफ्तार।

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के पर्यवेक्षण मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु.अ.स. 487/2021 धारा 307/326/323/427/504/506/354/354ख भादवि0 में वांछित संबंधित वांछित अभियुक्ता सुशीला देवी पत्नी स्व0 पारस यादव निवासिनी अहिरान चमांव थाना शिवपुर वाराणसी व अभियुक्त विरेन्द्र यादव पुत्र स्व. पारस नि0 ग्राम अहिरान चमांव थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक 29.10.22 को पिसौर पुल के पास से समय लगभग 09.45 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 09.09.2021 को वादी मुकदमा श्री विजय कुमार यादव पुत्र भोलानाथ यादव नि0 अहिरान चमांव शिवपुर वाराणसी द्वारा खुद के पुत्र अरूण यादव की अंगूली काटने व पत्नी सितारा देवी के साथ मारपीट बत्तमिजी छेडछाड व तोडफोड करने व जान से मारने का प्रयास करने व धमकी देने के संबंध में लिखित तहरीर दिया गया जिसके आधार पर थाना शिवपुर में अभियुक्तगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री अभय सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1-सुशीला देवी पत्नी स्व0 पारस यादव निवासिनी अहिरान चमांव थाना शिवपुर वाराणसी उम्र करीब 46 वर्ष।

2-विरेन्द्र यादव पुत्र स्व. पारस नि0 ग्राम अहिरान चमांव थाना शिवपुर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 अभय सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 प्रशि0 सौरभ तिवारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.का0 मनोज कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.म0का0 रूचि कश्यप थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

